श्री विजय सेमवाल, ग्राम बर्सू, विकासखण्ड अगस्त्यमुनि

श्री विजय सेमवाल ग्राम बर्सू के मूल निवासी हैं। जो वर्ष 2013–14 से पूर्व प्रदेश से बाहर प्राईवेट कम्पनी में नौकरी करते थे, वर्ष 2013–14 में उद्यान विभाग द्वारा इन्हें सब्जी उत्पादन कार्य हेतु प्रेरित किया गया तथा उन्हें समय–समय पर उन्नत किस्म के सब्जी बीज राजसहायता पर उपलब्ध कराये गये तथा उनका समय–समय पर तनीकी मार्गदर्शन किया गया शुरू में इनके द्वारा 10 नाली भूमि पर सब्जी उत्पादन कार्य करते थे वर्ष 2019–20 से इनके द्वारा गांव के प्रवासियों की 1.50 हैक्टेयर भूमि को सब्जी उत्पादन हेतु लीज पर ली गयी वर्तमान में लगभग 1.80 हैक्टेयर भूमि पर इनके द्वारा सब्जी उत्पादन,मसाला उत्पादन कार्य किया जा रहा है। मवेशियों एवं जंगली जानवरों से सब्जी उत्पादन को हो रही क्षति से सुरक्षा हेतु वर्ष 2019–20 में उद्यान विभाग द्वारा नवीन सब्जी प्रक्षेत्रों की घेरबाड़ योजनान्तर्गत1.80 हैक्टर भूमि पर घेरबाड़ करवायी गयी जिससे सब्जी उत्पादन में 40 प्रतिशत वृद्धि हुयी है। वर्तमान में उद्यान विभाग द्वारा इनके सब्जी उत्पादन प्रक्षेत्र की जंगली जावरों एवं मवेशियों से सुरक्षा हेतु घेरबाड़ करवायी गयी है। जिससे आगामी वर्षो इनकी आय में दुगनी वृद्धि होने की सम्भावन है। श्री सेमवाल क्षेत्र के युवा बेरोजगारों हेतु प्रेरणा का स्रोत बने हैं। वर्तमान में श्री सेमवाल द्वारा टमाटर,मटर,बन्दगोभी,शिमलामिर्च,मूली,प्याज,अदरक,लहसून,गोल मूली,प्याज की खेती की जा रही है। वर्ष 2019–20 में इनके द्वारा लगभग 150 कुन्तल सब्जियों का उत्पादन किया गया है। इनको सब्जी उत्पादन से लगभग शुद्ध 1.50 लाख ़ की आमदनी प्राप्त हुयी है। इनके द्वारा वर्षभर 2 बेरोजगार कृषकों रोजगार दिया जा रहा है। श्री बिजय सेमवाल क्षेत्र शिक्षित बेरोजगारों हेतु प्रेरणा स्रोत हैं।